

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

अनमोल वचन

जो रुक गया वो हार गया,
जो चल पड़ा वो जीत गया,मंज़िल उसी की होती है जिसने ख़ुद पर विश्वास किया।
मंज़िल मिलेगी ज़रूर, बस कदम बढ़ाते रहना

मंगलवार 5 मई 2026 बर्ष 02 अंक 118 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## राज्यपाल ने किया नालन्दा विश्वविद्यालय का भ्रमण

### प्राचीन नालंदा की दार्शनिक परंपरा को आज के विद्यार्थियों की आकांक्षाओं से जोड़ने की जरूरत – राज्यपाल

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** नालन्दा विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक और शैक्षणिक महत्व को रेखांकित करते हुए बिहार के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने आज विश्वविद्यालय परिसर का विस्तृत भ्रमण किया। उनके आगमन पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पारंपरिक सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान कुलपति, प्राध्यापकगण एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, शोध कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, स्मार्ट क्लासरूम, शोध केंद्रों एवं हरित परिसर मॉडल का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से विश्वविद्यालय के नेट–जीरो ऊर्जा आधारित परिसर की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, बल्कि देश के अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन नालंदा की दार्शनिक और ज्ञानपरंपरा विश्वविख्यात रही है, जिसे आज के विद्यार्थियों की आधुनिक सोच और आकांक्षाओं के साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि परंपरा और आधुनिकता का संतुलित समन्वय किया जाए, तो इससे विद्यार्थियों के बौद्धिक, नैतिक और सामाजिक विकास को नई दिशा मिल



सकती है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। इसी कड़ी में उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को बिहार लोक भवन में आयोजित होने वाले विभिन्न बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने का आमंत्रण दिया, ताकि विद्यार्थियों को व्यापक सामाजिक अनुभव प्राप्त हो सके और शासन–प्रशासन की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिले।राज्यपाल ने यह भी सुझाव दिया कि बिहार के अन्य विश्वविद्यालयों को भी नालंदा विश्वविद्यालय के नवाचार, सतत विकास और वैश्विक दृष्टिकोण को अपनाना चाहिए। इससे राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय प्रशासन ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्हें स्मृति–चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। यह दौरा न केवल विश्वविद्यालय के लिए प्रेरणादायक रहा, बल्कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार भी खोलता नजर आया।



## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर जेडीयू सांसद कौशलेंद्र कुमार ने दी बधाई, बोले–यह एनडीए की जीत

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में हुए विध. ानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर राजनी. तिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। नालंदा से जेडीयू सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर बधाई देते हुए इसे एनडीए की बड़ी जीत बताया है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय से कानून–व्यवस्था की स्थिति खराब थी और आम लोगों में भय का माहौल बना हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां की सरकार के कार्यकाल में बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के लोगों के साथ भी अन्यायपूर्ण व्यवहार की घटनाएं सामने आती रही हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता ने अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए बदलाव का संदेश दिया है और मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ वोट कर नया जनादेश दिया है। उनके अनुसार, यह परिणाम जनता की नाराजगी और बदलाव की इच्छा को दर्शाता है।सांसद ने आगे कहा कि यह जीत सिर्फ एक पार्टी की नहीं, बल्कि पूरे एनडीए गठबंधन की जीत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई सरकार के गठन के बाद पश्चिम बंगाल में विकास कार्यों को गति मिलेगी, कानून–व्यवस्था में सुधार होगा और आम लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अब राज्य में शांति और विकास का नया दौर शुरू होगा, जिससे आम जनता को बेहतर प्रशासन और सुरक्षित माहौल मिल सकेगा। यह जीत एनडीए की जीत है। बंगाल की जनता ने बदलाव के पक्ष में मतदान किया है। अब राज्य में शांति और विकास का नया माहौल बनेगा।

## अंतर्राज्यीय मानव तस्कर गिरोह का भंडाफोड़– 3 लाख में बेची गईं रहुई की दो नाबालिग लड़कियां राजस्थान से बरामद

### राजगीर से छत्तीसगढ़ की एक अन्य अगवा नाबालिग लड़की भी तस्करों से छुड़ाई गई

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट रहुई (नालंदा)।** नालंदा पुलिस ने अंतरराज्यीय मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रहुई थाना क्षेत्र से पिछले महीने अगवा हुई 2 नाबालिग लड़कियों को राजस्थान के बीकानेर से सकुशल बरामद किया है। इन बच्चियों को प्रलोभन देकर 3 लाख रुपये में राजस्थान में बेच दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने लड़कियों को खरीदने वाले राजस्थानी दंपति और उन्हें बेचने वाले नालंदा के दो स्थानीय दलालों सहित कुल चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही तस्करों की निशानदेही पर राजगीर से छत्तीसगढ़ की एक अन्य नाबालिग लड़की को भी मुक्त कराया गया है। सदर डीएसपी–2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि 9 अप्रैल 2026 को रहुई थाना क्षेत्र के बेसमक गांव निवासी सहदेव बिंद की 14 वर्षीय पुत्री और 13 वर्षीय भतीजी अचानक लापता हो गई थीं। परिजनों ने 10 अप्रैल को रहुई थाने में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसपी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर लड़कियों का लोकेशन बीकानेर राजस्थान में मिला। लोकेशन मिलने के बाद एक विशेष पुलिस टीम बीकानेर भेजी गई, जहां नया शहर थाना क्षेत्र से दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद किया गया। मौके से लड़कियों को खरीदने वाले आरोपी राजेश कुमार उर्फ राजू (36 वर्ष) और उसकी पत्नी अंजलि कुमारी को गिरफ्तार किया गया। ये दोनों राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के डूंगला थाना क्षेत्र स्थित बिलोदा गांव के रहने वाले हैं। पूछताछ में दंपति ने बताया कि उन्होंने दोनों बच्चियों को बिहार की रहने वाली धनवंती देवी उर्फ शोभा से 3 लाख रुपये में खरीदा है।




### आरोपियों में राजस्थान का एक दंपति और नालंदा के दो स्थानीय तस्कर शामिल हैं

राजस्थान से गिरफ्तार दंपति को पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर बिहार लेकर आई। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बच्चियों को बेचने वाली मुख्य आरोपी नूरसराय थाना क्षेत्र के बलचंद बिगहा निवासी मिथलेश चौहान की पत्नी धनवंती देवी उर्फ शोभा और मानपुर थाना क्षेत्र के प्रभु बीघा गांव निवासी उसके सहयोगी पुरुषोत्तम कुमार को राजगीर के ब्रह्मकुंड के पास से दबोच लिया।

**छत्तीसगढ़ की बच्ची भी मिली**

राजगीर में गिरफ्तारी के वक्त इन तस्करों के पास से रायपुर (छत्तीसगढ़) के न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक अन्य अगवा नाबालिग लड़की भी बरामद हुई। मुक्त कराई गई इस बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंपते हुए उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। डीएसपी के अनुसार, स्थानीय तस्कर शोभा कुमारी लड़कियों को बहला–फुसला कर और बेहतर भविष्य का प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाती थी और फिर उन्हें बाहर के राज्यों में ले जाकर बेच देती थी। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों के बैंक खातों और आपरा. धिक इतिहास की जांच कर रही है ताकि इस सिंडिकेट के नेटवर्क का पूरी तरह पर्दाफाश किया जा सके। इस सफल कार्रवाई में नूरसराय अंचल निरीक्षक मनीष भारद्वाज, डीआईयू शाखा के आलोक कुमार सिंह, रहुई थानाध्यक्ष ललित विजय, सिद्धार्थ आनन्द, संतोष कुमार सुमन, विजय प्रकाश, मिथलेश कुमार और सिपाही दीपक कुमार व रिन्तु कुमारी शामिल थे।

## बीपीएससी से चयनित प्रधानाध्यापक जैनेंद्र कुमार ने उच्च माध्यमिक विद्यालय ओंदा में संभाला पदभार



**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** बीपीएससी से चयनित प्रधानाध्यापक जैनेंद्र कुमार ने सोमवार को अस्थावां प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय ओंदा में अपना योगदान दिया। उनके पदभार ग्रहण करने पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल देखा गया। इससे पूर्व जैनेंद्र कुमार बिहारशरीफ के आरजीएल उच्च विद्यालय, छबीलापुर में विशिष्ट शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। उनके नए दायित्व को लेकर छबीलापुर विद्यालय के मेंटोर शिक्षक अजय कुमार, कुंज बिहारी कुंजेश, रौशन कुमार सिंह, राकेश कुमार, सूरज नारायण, राखी कुमारी, अशोक कुमार सहित पूरे विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दीं।वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय ओंदा में प्रभारी अरुणिमा, चंद्रशेखर कुमार, सुदीप कुमार, अनुराधा रानी, संगीता कुमारी, ओम प्रकाश, रामाभिषेक गहलोत, शबनम बेगम, मधुलिका, प्रियंका कुमारी, शशिभूषण कुमार, अंजली सिन्हा, पवन कुमार तथा लिपिक अजीत कुमार ने नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक का गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी शिक्षकों ने जैनेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में विद्यालय के बेहतर संचालन का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जैनेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन, नियमित चेतना सत्र और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं से सहयोग की अपेक्षा जताई। प्रभारी प्रधानाध्यापक चंद्रमोली प्रसाद ने भी जैनेंद्र कुमार को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।




# नालंदा में एमएलसी नवल किशोर यादव ने चुनाव प्रचार की शुरुआत की, शिक्षकों से मांगा समर्थन

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद सदस्य नवल किशोर यादव ने नालंदा जिले में अपने चुनाव प्रचार अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस दौरान वे बिहारशरीफ स्थित महात्मा बुद्ध हीरामन महाविद्यालय, पतुआना पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रचार अभियान के तहत उन्होंने सोगरा कॉलेज और अल्लामा इकबाल कॉलेज सहित कई शिक्षण संस्थ. ानों का दौरा कर शिक्षकों से संवाद स्थापित किया और समर्थन की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हाल ही में पांच राज्यों में हुए चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर खुशी जताई। इस अवसर पर उन्होंने नरेंद्र मोदी, अमित शाह, नितिन नवीन एवं सम्राट चौधरी सहित पार्टी नेतृत्व को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत पश्चिम बंगाल में बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, वहीं असम में एनडीए की वापसी भी उत्साहजनक है। इस दौरान भागवत प्रसाद को अपना मित्र बताते हुए उन्होंने कहा कि वे उनसे मिलने हमेशा आते रहते



हैं। वहीं महाविद्यालय के सचिव भागवत प्रसाद ने विश्वास जताया कि इस बार भी नवल किशोर यादव भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे और उनका समर्थन हमेशा बना रहेगा।कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. कुसुम कुमारी, निशा कुमारी, मनीष कुमार, गौतम कुमार, सुम्मी रानी, पूजा प्रिया सहित कई शिक्षक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कंटेंट से 5 वायरल हेडिंग बनाएं

# नालंदा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक, डीडीसी ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जन शिकायतों के त्वरित निपटारे को लेकर सोमवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शुभम कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए गए। डीडीसी ने कहा कि सात निश्चय–3 के तहत "सबका सम्मान, जीवन आसान" लक्ष्य को सख्ती से लागू किया जाए। इसके तहत प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आम लोगों की शिकायतें सुनें और उनका त्वरित समाधान करें। साथ ही प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित कर आमजन को सीधे अपनी समस्याएं रखने का अवसर दिया जाए। उन्होंने कहा कि कई बार अधिकारी कार्यालय में अनुपस्थित रहते हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी होती है। ऐसी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सभी पदाधिकारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया।

**अवैध गतिविधियों पर सख्ती**

डीडीसी ने खनन, अवैध परिवहन, पीडीएस दुकानों, आरटीपीएस काउंटर, भू–माफिया, निबंधन कार्यालय एवं बिचौलियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए छा. पेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया।

**जनहित कार्यों को प्राथमिकता**

जन्म, मृत्यु, जाति, आय प्रमाण पत्र, भूमि विवाद, दाखिल–खारिज, पेंशन, अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथ. मिकता के आधार पर निपटाने तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

**स्व–गणना व शिक्षा अभियान पर जोर**

डीडीसी ने जिले में स्व–गणना कार्य शत–प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं "स्कूल चलो अभियान" के तहत 6 वर्ष पूर्ण कर चुके 16,460 बच्चों के शत–प्रतिशत नामांकन पर शिक्षा विभाग और आईसीडीएस की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिया कि एक भी बच्चा स्कूल से वंचित न रहे और सभी को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराई जाए।

**स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त रखने का निर्देश**

स्वास्थ्य विभाग को अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एक्स–रे जैसी सेवाओं को नियमित रूप से चालू रखने और खराब मशीनों की तुरंत मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही बच्चों की स्वास्थ्य जांच और जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।



**अगलगी व आपदा प्रबंधन पर अलर्ट**

गर्मी को देखते हुए अग्निशमन दस्ता को पूरी तरह सक्रिय रखने तथा आग लगने की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कृषि फसल क्षति का आकलन कर मुआवजा भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही बाढ़ से पूर्व तटबंधों की मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए गए।

**बिजली और सोलर योजना पर फोकस**

बिजली विभाग को शॉर्ट सर्किट से होने वाली आग की घटनाओं को रोकने के उपाय करने और प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को सोलर सिस्टम का लाभ देने का निर्देश दिया गया।




**मलमास मेला की तैयारी की समीक्षा**

आगामी मलमास मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया।डीडीसी ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को छह माह पूर्व सभी लाभ उपलब्ध कराने, जल संचय योजनाओं को पोर्टल पर अपलोड करने, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी, सीपीग्राम और सीएम डैशबोर्ड के लंबित मामलों का समय पर निपटारा करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उप. स्थित रहे, जबकि प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।





# भाजपा की प्रचंड जीत पर बिहारशरीफ में जश्न, कार्यकर्ताओं ने मनाया विजयोत्सव

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर नालंदा जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार विजयोत्सव मनाया। बिहारशरीफ के मेहनौर स्थित भाजपा जिला कार्यालय और श्रम कल्याण केंद्र मैदान में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अबीर–गुलाल लगाकर और मिठाइयां बांटकर खुशी जताई। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि यह जीत राष्ट्रवाद की जीत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पर भरोसा जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के शासन से त्रस्त जनता ने बदलाव का समर्थन किया है।उन्होंने कहा कि अब "डबल इंजन" की सरकार के साथ पश्चिम बंगाल विकास के नए मार्ग पर आगे बढ़ेगा। साथ ही इसे ऐतिह. ासिक क्षण बताते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार बंगाल में भाजपा सरकार बनने जा रही है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रा. जेश्वर प्रसाद सिंह, जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डॉ. आशुतोष कुमार, तेजस्विता राधा, जिला मंत्री राजू माहुरी, सोनू कुमार हिंदू, अमित शान, बबीता कुमारी, गोपी सिंह, रोशन कुमार यादव, राजीव कुमार, राजेश कुमार सिसोदिया, अमरकांत भारती, धीरेंद्र रंजन, अभिनंदन पांडे, संजीव कुमार, नागमणि कुशवाहा, ओणम कुमार, प्रिंस कुमार, संदीप कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120
9931609015

# राजगीर की बेटी साक्षी को पत्रकारिता में मिला स्वर्ण पदक, राज्यपाल ने किया सम्मानित – साक्षी पत्रकारिता में बनीं यूनिवर्सिटी टॉपर

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** राजगीर की बेटी साक्षी सिन्हा को पत्रकारिता में स्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा साक्षी की अकाद. मिक उत्कृष्टता के लिए उन्हें गोल्ड मेडल दिया। यह सम्मान उन्हें भोपाल स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के 5वें दीक्षांत समारोह में मिला। इस दौरान सांसद राजीव शुक्ला व सांसद रवि किशन भी मौजूद रहे। साक्षी ने पत्रकारिता एवं जनसंचार में अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। साक्षी अपने परिवार में स्वर्ण पदक पाने वाली पहली महिला है। साक्षी के पिता एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर हैं और उनकी माता गृहणी हैं। साक्षी का कहना है कि उनकी इस सफलता में उनके शिक्षकों और अभिभावकों के साथ–साथ उनके दोस्तों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। साक्षी ने अपने स्व. बड़े पिताजी अशोक कुमार को विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि भले ही वे आज इस दुनिया में नहीं हैं। उनका सपना आज उनकी बेटी पूरा कर रही है। उन्हें याद करते हुए साक्षी थोड़ी भावुक हो गई। कार्यक्रम के दौरान उनकी बुआ मोनिका भी मौजूद थीं। साक्षी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पावापुरी स्थित तीर्थंकर महावीर विद्या मंदिर से



की है। साक्षी के माता–पिता, अभिभावक और शिक्षक उनकी इस सफलता से काफी खुश हैं। साक्षी की यह उपलब्धि राजगीर क्षेत्र के छात्र–छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। साक्षी का कहना है कि यह उपलब्धि उनके सफर का अंत नहीं है बल्कि एक नई शुरुआत है। वह आगे चलकर पत्रकारिता के क्षेत्र में समाज से जुड़े मुद्दों पर काम करना चाहती है। जमीनी स्तर की सच्चाई को सामने लाने का प्रयास करेंगी। साक्षी ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उनकी इस सफलता ने न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे राजगीर और बिहार का नाम रोशन किया है। साक्षी की कहानी यह साबित करती है कि छोटे शहरों से निकलकर भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं। बस जरूरत है दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास की।



# नीट परीक्षा स्कॉलर का सरगना गिरफ्तार

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। नीट परीक्षा स्कॉलर का सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर एक काले रंग की स्कॉर्पियो और ब्रेजा कार भागने लगी। पुलिस ने सड़क को घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोका गया। तलाशी में दोनों गाड़ियों से दो लाख 95 हजार रुपये, तीन मोबाइल फोन, फर्जी नीट परीक्षा का एडमिटकार्ड के साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित कागजात बरामद हुए। पकड़े गये लोगों में मुजफ्फरपुर जिला के भगवान छपरा निवासी मोहन राय के पुत्र अवधेश कुमार, मोतीहारी जिला के कुढ़िया बगरी निवासी मनोज सिंह का पुत्र अमन कुमार व मुजफ्फरपुर जिला के परोहा निवासी हीरालाल साह का पुत्र पंकज कुमार साह शामिल है। डीएसपी ने बताया कि पूछताछ में अवधेश कुमार ने बताया कि वह पावापुरी स्थित विम्स मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष का छात्र है। उसका साथी उज्जवल उर्फ राजा बाबू नीट परीक्षा में स्कॉलर के रूप में बैठाने का काम करता है। वाहनों के डैशबोर्ड से भी कई कागजात मिले और नकदी बरामद हुए। इस मामले में पावापुरी थाना में एफआई. आर दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई में गिरियक पुलिस निरीक्षक सुमंत कुमार, राजगीर निरीक्षक संजय कुमार, गिरियक थानाध्यक्ष श्रीकांत कुमार, राजगीर थानाध्यक्ष रमण कुमार, पावापुरी थानाध्यक्ष गौरव कुमार, कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, एएसआई अरमान खान सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल थे। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की तलाश में जुट गई है।

# हरनौत बाजार के बस्ती रेलवे गुमटी के पास तेज आंधी और बारिश के कारण ईट का दीवार गिरने से एक मोटरसाइकिल हुआ क्षतिग्रस्त, बाल–बाल बचे लोग

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** सोमवार की शाम हुई तेज आंधी और बारिश के कारण हरनौत प्रखंड क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है। अचानक आई तेज आंधी और बारिश से लोग इधर–उधर भागते नजर आए। करीब 2 घंटे तक बारिश के साथ–साथ तेज हवा का दौर चलता रहा। दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल बन गया।इस बेमौसम बारिश और तूफान ने फसलों को भारी नुकसान पहुँचाया है और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई है। तेज हवा और बारिश होने से खेतों में लगी फैसले बर्बाद हो गई। तेज आंधी तूफान से कई जगह पेड़ टूटने के साथ ही टीन शेड व करके सहित होल्डिंग भी उड़ाते दिखाई दिए। तेज हवा के झोंका के कारण कुछ समय के लिए नेशनल हाईवे 20 पर आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया।



वही हरनौत बाजार की बस्ती रेलवे गुमटी के पास आटा चक्की मिल दुकान के दीवार गिरने से एक मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया। हरनौत व्यापार मंडल सह बस्ती पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि बस्ती का निवासी सुकेश कुमार बस्ती रेलवे गुमटी के पास एक आटा चक्की का दुकान खोए हुए हैं। शाम के समय में अचानक बारिश और तेज आंधी के कारण ईंट का दीवार गिर गया जिससे एक मो. टरसाइकल और दुकान में रखें अन्य सामान को नुकसान पहुंचा है। बता दे की मौसम विभाग ने इसके पूर्व ही अलर्ट जारी कर दिया था। वहीं स्थानीय प्रशासन ने तेज आंधी और बारिश के समय लोगों से घरों में रहने की अपील की है बिना जरुरत के बाहर निकलने से बचने को कहा गया है साथ ही पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

# सुप्रीम कोर्ट का 'समाधान समारोह 2026', स्पेशल लोक अदालत से होंगे लंबित मामलों का निपटारा

**केशववाणी बिहारशरीफ नालंदा।** देश में न्याय प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने की दिशा में एक अहम पहल के तहत भारत का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा "समाधान समारोह 2026" आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 'पार्टिसिपेटिव जस्टिस' और 'डोरस्टेप डिलीवरी ऑफ जस्टिस' की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। जानकारी के अनुसार, इस अभियान की शुरुआत 21 अप्रैल 2026 से हो चुकी है, जबकि इसका समापन 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ होगा। इस स्पेशल लोक अदालत में सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निपटारा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की इस पहल का उद्देश्य लंबित मामलों को तेजी से सुलझाना और पक्षकारों को सहमति के माध्यम से न्याय दिलाना है, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो सके। इसके लिए देशभर के वकीलों, वादकारियों और अन्य संबंधित पक्षों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है।इच्छुक पक्ष अपने मामलों के समाधान के लिए ऑनलाइन, भौतिक या वर्चुअल माध्यम से भाग ले सकते हैं। आवेदन के लिए गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया गया है, जिसे भरकर संबंधित पक्ष अपनी सहमति दर्ज करा सकते हैं। यह फॉर्म सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। कार्यक्रम से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा वन स्टॉप सेंटर (वॉर रूम) के हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। वहीं स्थानीय स्तर पर अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नालंदा से भी संपर्क किया जा सकता है। इस पहल को न्याय व्यवस्था में सुधार और आम लोगों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।









# चोरी का बाईक बरामद, एक साल पहले हुई थी चोरी

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार से एक वर्ष पूर्व एक व्यक्ति का बाईक ( बीआर 21एम 1660) चोरी कर ली गई थी।इसको लेकर हरनौत थाना में कांड संख्या 183/25 ( 19 अप्रैल 2025) दर्ज किया गया था।जिसे बाढ़ उत्पाद थाना ने पीड़ीत व्यक्ति को सौंपा दिया है। चोरी की घटना 19 अप्रैल 2025 की है।जब दैली गांव के निवासी स्व ब्रजकिशोर सिंह के पुत्र लक्ष्मण कुमार अपने पिताजी के देहांत के बाद अंतिम संस्कार के लिए कपड़ा, कपूर, अगरवती आदि समान लाने के लिए 25 हजार रुपए डीक्की में रखकर बाजार आए थे।तभि रांची रोड़ में स्थित एक कपड़ा दुकान के सामने अपना बाईक लगाकर समान की खरिदने करने लगे। बाईक मालिक ने अपने खोये हुए बाईक को चार अप्रैल 2026 को बाढ़ स्थित उत्पाद थाना से कानूनी प्रक्रिया एवं रिलिज़ ऑडर के बाद सही सलामत पाया है। वहीं बाढ़ उत्पाद थाना के उत्पाद अधीक्षक राजेन्द्र कुमार ने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान इस गाड़ी पर दो – दो सौ एमएल के कुल 20 लीटर शराब बाढ़ थाना क्षेत्र के इब्रा. हमपुर पंचायत के पछियारी मलाही गांव निवासी बटोरन राय के पुत्र रंजीत राय



द्वारा लेकर जाया जा रहा था। जिसमें कांड संख्या 157/25 ( 31 मई 2025)दर्ज किया गया था। उन्होंने 25 हजार रुपए को लेकर कहा कि हरनौत थाना की पुलिस बताएगी। उन्होंने कहा कि इस केस का आईओ गुंजा कुमारी ( उत्पाद थाना) था। वहीं हरनौत थाने में सोमवार को ओडी में बैठे एसआई राजेश कुमार सिंह ने कहा कि बाईक चोरी के केस में तीन माह में चार्जशीट दाखिल कर दी जाती है एवं केस क्लोज कर दिया जाता है। फिलहाल यह केस भी क्लोज कर दिया गया है। रुपये बरामदी की जानकारी बाढ़ में हीं मिलेगी।



# हरनौत प्रखंड क्षेत्र में अचानक मौसम में हुआ बदलाव तेज आंधी और बारिश से जनजीवन हुए प्रभावित

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले समेत हरनौत प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की शाम मौसम ने अचानक करवट बदल ली। जिससे मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी और हवा के साथ बारिश शुरू होने से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है लेकिन मौसम विभाग की चेतावनी ने चिंता भी बढ़ा दी है। शाम लगभग 4:30 आसमान में घने बादल छा गए। कई इलाकों में दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल बन गया। जिससे वाहन चालकों को सड़क पर हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। प्रखंड क्षेत्र में अभी भी बूंदाबांदी का सिलसिला जारी है। तेज हवा के साथ बारिश होने से ठंड जैसा माहौल बन गया है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के इलाके में तेज आंधी गम बारिश के साथ–साथ ठनका गिरने की आशंका भी जताई गई है। तेज आंधी और बारिश पड़ने से किसानों को भारी नुकसान भी पहुंचा है।

# नालंदा में पेट्रोल–डीजल व रसोई गैस की कमी की अफवाह बेबुनियाद, डीएम ने की समीक्षा बैठक

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में पेट्रोल–डीजल एवं रसोई गैस की कथित कमी की सूचना को लेकर रविवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसर एवं जिला के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं और जिले में पेट्रोल–डीजल की कोई कमी नहीं है। खपत के अनुसार लगातार आपूर्ति की जा रही है। डीएम ने निर्देश दिया कि वर्तमान में विवाह सीजन को देखते हुए ईंधन की मांग बढ़ी है, ऐसे में तेल कंपनियां 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त स्टॉक सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की आपूर्ति बाधा होने पर तत्काल समन्वय कर समाधान करने तथा संबंधित अधिकारियों को सूचित करने का निर्देश दिया गया, ताकि विधि–व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और पैनिक न हों। रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर नोडल पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8,523 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध



कराए जा रहे हैं। वर्तमान में जिले का बैकलॉग मात्र 3.34 प्रतिशत है, जो राज्य में दूसरा सबसे कम है।बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि बिहारशरीफ, राजगीर एवं सिलाव में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है। कई वार्डों में पाइपलाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है और अब तक करीब 1,839 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिया जा चुका है। जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां उपभोक्ताओं को कनेक्शन लेना अनिवार्य किया जाएगा और इसकी निगरानी भी की जाएगी। डीएम ने आवासीय विद्यालय, महाविद्यालय, छात्रावास, सामुदायिक रसोई एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर पीएनजी कनेक्शन देने का निर्देश संबंधित एजेंसी इंडियन ऑयल–अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड को दिया। अंत में जिला पदाधिकारी ने आम जनता से अपील की कि यदि कहीं पेट्रोल–डीजल या एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग होता दिखे, तो इसकी सूचना टोलफ्री नंबर 06112–233168 पर दें। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा में पंचायत स्तर पर लगेंगे सहयोग शिविर, डीएम ने जारी किया विस्तृत रोस्टर

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिला प्रशासन ने आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निवारण को लेकर बड़ा कदम उठाया है। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर "सात निश्चय–3" के तहत "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए प्रखंडवार विस्तृत रोस्टर जारी कर दिया गया है। प्रशासनिक आदेश के अनुसार, पहले से लागू व्यवस्था के तहत प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी आम जनता की शिकायतें सुनेंगे। वहीं अब अतिरिक्त व्यवस्था के रूप में पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर ला.`गों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 19 मई, 02 जून, 16 जून, 30 जून, 07 जुलाई एवं 21 जुलाई 2026 को जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में जिला पदाधिकारी समेत वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी स्वयं उप. स्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश देंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को नोडल बनाते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। शिविर से 30 दिन पहले ही आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, ताकि शिविर के दिन अधिकतर मामलों का समाधान प्रस्तुत किया जा सके। जिला जन–संपर्क पदाधिकारी को शिविरों के व्यापक प्रचार–प्रसार का जिम्मा दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मियों के माध्यम से भी लोगों को इसकी जानकारी दी जाएगी। शिविरों में लंबित और निष्पादित मामलों की सूची प्रदर्शित की जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। सभी शिकायतों का निबटारा निर्धारित समय सीमा में करते हुए उसकी लिखित सूचना आवेदकों को दी जाएगी। इसके लिए "शिविर संवाद समाधान पोर्टल" का उपयोग अनिवार्य किया गया है। वहीं, कानून–व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन सतर्क है। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को शिविर के दौरान सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की पूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन का कहना है कि इस पहल से लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और पंचायत स्तर पर ही उन्हें त्वरित एवं सम्मानजनक सेवा मिल सकेगी।

# नालंदा मंडल की संगठनात्मक बैठक संपन्न, बूथ स्तर तक भाजपा को मजबूत करने का आह्वान

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** आज नालंदा जिला अंतर्गत नालंदा मंडल में संग. ठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नालंदा के लोकप्रिय जिला अध्यक्ष श्री राजेश कुमार उपस्थित रहे। वहीं जिला उपाध्यक्ष श्री सुधीर कुमार, मंडल अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र कुमार, महामंत्री श्री रामसागर, श्री विपिन सिंह सहित मंडल के सभी पदाधिकारीगण, विभिन्न मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्रीगण, शक्ति केंद्र प्रमुख तथा पंचायत अध्यक्ष उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री राजेश ज्ञनउंत ने कहा कि भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी मोर्चा अध्यक्षों से अपनी–अपनी टीम को सक्रिय एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार एवं भाजपा के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, इसलिए कार्यकर्ताओं को गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए।



जिला उपाध्यक्ष श्री सुधीर कुमार ने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं बूथ सशक्तिकरण पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। बैठक में श्री रवि कुमार, श्री एस्पेंदु कुमार, श्री भूषण कुमार, श्री नितीश कुमार, श्रीमती गीता देवी, श्रीमती राधा देवी, श्रीमती चंपा देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार करना रहा।

